## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्राम झिलगीटार में पुलिस ने लगाई जन चौपाल : ग्रामीणों को दी गई अपराधों की जानकारी

**रायगढ़।** दिनाँक 29.06.2022 को पुलिस चौकी कनकबीरा द्वारा ग्राम झिलगीटार में "पुलिस जन चौपाल" लगाया गया था। ग्राम भ्रमण दौरान एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात कुमार पटेल ग्राम झिलगीटार पहुंचे। "पुलिस जन चौपाल" में एसडीओपी सारंगढ़ द्वारा विविध अपराधों की जानकारी देते हुए। वर्तमान में सायबर क्राईम के शिकार हो रहे अपराधों के संबंध में जानकारी दिये। उन्होंने ईनामी कूपन के लालच में आन लाइन ठगी, फैक कॉल, OTP लेकर फ्राड करने वालों के संबंध में जानकारी देकर बचाव के उपाए बताये तथा क्षेत्र के अवैध शराब, जुआ-सट्टा अथवा किसी भी प्रकार के अवैधानिक कृत्यों की जानकारी देने अपना मोबाइल नम्बर तथा चौकी प्रभारी कनकबीरा सहायक उप निरीक्षक विजय गोपाल का नम्बर बताये। एसडीओपी सारंगढ़ द्वारा उपस्थित लोगों को नशे से हो रहे समाजिक एवं आर्थिक नुकसान को विस्तार से बताते हुए नशे से दूर रहने लोगों को प्रेरित किये। चौकी प्रभारी द्वारा गांव में आपस में मिलकर रहने तथा झगड़ा विवाद पर पुलिस सहायता लेने ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया।

### बाइक में पल्लू फं सने से महिला गिरी, बच्चे की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** पतोंरा मार्ग पर चलती हुई बाइक में साड़ी का पल्लू फंस जाने से मां व बच्चा नीचे गिर पड़े। घटना में डेढ़ वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। उरगा थाना अंतर्गत यह घटना मंगलवार को हुई। बताया जा रहा है कि जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा के रहने वाले निर्मलकर दंपति दर्री स्थित अपने रिश्तेदार के घर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। यहां कार्यक्रम निपटा कर वापस लौट रहे थे, तभी कनकी. पंतोरा मार्ग में महिला के साड़ी का पल्लू बाइक के चक्के में फंस गया और उसे पता नहीं चल सका। अचानक पल्लू खिंचने से वह बच्चे समेत बाइक से नीचे जा गिरी। घटना के वक्त उसकी गोद में डेढ़ वर्ष का बालक हिमांशु निर्मलकर था, जिसे गंभीर चोट लगी। आनन. फानन में उसे उपचार के लिए कोरबा स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कर स्वजनों को सौंप दिया। रामपुर पुलिस चौकी प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया कि स्वजनों ने तुरंत बच्चे को कोरबा एक अस्पताल लाए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

### गाज की चपेट में आए तीन और लोगों की मौत

**जशपुर (आरएनएस)।** आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लोगों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है। कुछ दिनों पहले मुंगेली के ठकुरीकापा, बलौदाबाजार के रोहासी और गरियाबंद के सहसपुर गांव में कुल तीन लोगों की गाज (आकाशीय बिजली) गिरने से मौत हुई थी. वहीं आज फिर जशपुर जिले में गाज की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हुई है। जशपुर जिले में बुधवार दोपहर सन्ना के साप्ताहिक बाजार में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में 2 लोग गंभीर हैं, जिन्हें सन्ना अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों का इलाज जारी है। सुबह तेज धूप के बाद दोपहर में अचानक मौसम बदलने के बाद तेज बारिश शुरू हो गई। इस दौरान साप्ताहिक बाजार में आकाशीय बिजली गिरने से संजू राम 10 वर्ष निवासी कवई, विजय मिंज उम्र 55 वर्ष निवासी सन्ना और भिखना राम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कोपा की मौत की खबर है। दो घायलों का सन्ना के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# अनूपपुर रेल्वे स्टेशन पर दो संदिग्ध व्यक्ति के साथ मिली धरमजयगढ़ और कापू की 2 लड़कियां

- रायगढ़ एसपी ने तत्काल टीम का गठन कर दोनों लड़कियों का कराया रेस्क्यु, सुरक्षित लाया गया रायगढ़
- दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में, पत्थलगांव से जयपुर तक आरोपियों के लिंक के मिले संकेत
- अनूपपुर आरपीएफ टीआई ने धरमजयगढ़ पुलिस को लड़कियों को जयपुर ले जाने की दी थी सूचना




**रायगढ़।** दिनांक 28.06.2022 को RPF अनूपपुर के निरीक्षक एम.एल.यादव द्वारा धरमजयगढ़ और कापू पुलिस को सूचना दिये कि दिनांक 27/28.06.2022 को दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस में तीन संदिग्ध व्यक्तियों के साथ दो लड़कियां देखी गई जिनसे पूछताछ कर दो व्यक्ति और दोनों लड़कियां को अनूपपुर रेल्वे स्टेशन पर उतार गया। उनका एक साथी ट्रेन में आगे कहीं भाग गया। लड़कियों ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है, दोनों व्यक्ति उन्हें कहां ले जा रहे है, TI एम.एल.यादव दोनों लड़कियों के अपहरण/मानव तस्करी की आशंका जताये। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल सूचना एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को दिया गया। SDOP दीपक मिश्रा लड़कियों के वारिसान से संपर्क कर जानकारी से अवगत कराना बताये। धरमजयगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र की 17 वर्षीय बालिका के परिजन से संपर्क किये परिजनों को जानकारी ही नहीं थी कि लड़की कहां गई है, उन्हें इतना मालूम था कि वह कापू में रहने वाली उसकी सहेली से मिलने 23 जून को निकली है, उसी के साथ होगी। गुम लड़की के भाई और पिता को बताया गया कि लड़की अनूपपुर में मिली है। तब लड़की के पिता दिनांक 28.06.2022 को बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट थाना धरमजयगढ़ में दर्ज कराया, रिपोर्ट पर धारा 363 IPC का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इसी प्रकार कापू पुलिस अनूपपुर में मिली पर युवती (18 वर्षीय) के परिजन का पता लगाये, पता चला कि लड़की के पिताजी का देहांत हो चुका है। लड़की अपने दादाजी के साथ रहती थी, उसके दादा को जानकारी ही नहीं थी। युवती के दादा को लड़की के अनूपपुर में मिलने की जानकारी दिया गया। उसके दादा द्वारा थाना कापू में गुम इंसान दर्ज कराया गया जिसके बाद एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में मामला लाया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल थाना धरमजयगढ़ के सहायक उप निरीक्षक पी.एस.सिदार के हमराह दोनों लड़कियों के रेस्क्यु के लिये पुलिस टीम अनूपपुर भेजा गया, पुलिस टीम दोनों लड़कियों एवं दोनों आरोपी हीरालाल चौहान निवासी पत्थलगांव जिला जशपुर तथा देवलाल तिग्गा निवासी कमोसिनडांड, थाना-कापू जिला रायगढ़ को आज सड़क मार्ग से सुरक्षित रायगढ़ लाया गया है । दोनों लड़कियों तथा उनके परिजनों के बयान लेकर लड़कियों को उनके सुपुर्द किया जा रहा है, बयान के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। मामले में अनूपपुर आरपीएफ निरीक्षक एम.एल.यादव उनकी टीम के साथ कापू, धरमजयगढ़ पुलिस की लडकियों के रेस्क्यु में सराहनीय भूमिका रही है।

# गुडेली लात नाला के पास चन्द्रपुर व सारंगढ़ के 5 जुआरी गिरफ्तार



- फड एवं जुआरियों से 15850 रुपए जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 29.06.2022 के दोपहर थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव को मुखबिर से सूचना मिला कि गुडेली लात नाला पास कुछ जुआडियान 52 पत्ते तास से जुआ खेलने बैठे हैं। थाना प्रभारी द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक टीकाराम खटकर के हमराह स्टाफ कार्रवाई के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर आरोपी (1) सुंदरलाल जोल्हे पिता सोनमनी जोल्हें उम्र 24 वर्ष साकिन गुडेली थाना सारंगढ़ (2) श्रद्धा साहू पिता शंभू लाल साहू उम्र 35 वर्ष मौहापाली थाना चंद्रपुर (3) मेघनाथ साहू पिता रामनाथ साहू उम्र 27 वर्ष साकिन गुडेली थाना सारंगढ़ (4) विश्वकर्मा भास्कर पिता मोहित राम भास्कर उम्र 36 वर्ष साकिन गुडेली थाना सारंगढ़ (5) जितेन्द्र माली पिता कलीराम माली उम्र 35 वर्ष साकिन गुडेली थाना सारंगढ़ को रंगे हाथ हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से कुल नकदी रकम 15850 रुपए एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया है, आरोपियों पर थाना सारंगढ़ में धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया। जुआ रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक टीकाराम खटकर, आरक्षक कृष्णा महंत, कन्हैया खुंटे, संतोष मिरी शामिल थे।

# कृषि मंडियों में भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी

- अब तक भार साधक अधिकारियों के माध्यम से हो रहा था कामकाज का संचालन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ की सभी 69 कृषि उपज मंडी समितियों में भार साधक अधिकारियों के स्थान पर भार साधक समितियों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष तथा 5 सदस्यों समेत कुल 07 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संचालक, कृषि विपणन, रायपुर द्वारा इन भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। भार साधक अधिकारियों के माध्यम से संचालित हो रहे कार्यों का संचालन अब समितियों के माध्यम से होगा।

जिले में इन भारसाधक समितियों का हुआ गठन

रायगढ़ में नियुक्त भारसाधक समिति में हेमलाल यादव को अध्यक्ष एवं हेमसागर नायक को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह समिति में मट्टूलाल चौहान, देवकुमार चौधरी, धनवंत सिंह ठाकुर, रामकुमार पटेल तथा प्रदीप गर्ग को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी तरह खरसिया में भोग सिंह राठिया को अध्यक्ष, गौरीशंकर गुप्ता को उपाध्यक्ष एवं सादराम साहू, मैत्री कनेर, लीलावती राठिया, गोपाल दास महंत तथा जनक जायसवाल (व्यापारी प्रति.)को सदस्य नियुक्त किया गया है। सारंगढ़ में मनमोहन पटेल को अध्यक्ष, दारासिंह जांगड़े को उपाध्यक्ष एवं कन्हैया वर्मा, धजाराम पटेल, चंद्रशेखर रात्रे, गिरजा पटेल तथा अशोक अग्रवाल (व्यापारी प्रति.)को सदस्य नियुक्त किया गया है। बरमकेला में गंगा चौधरी को अध्यक्ष, रामगोपाल पटेल को उपाध्यक्ष एवं संतोष अग्रवाल, रमेश निषाद, धमेन्द्र चौहान, गणपती पाढ़ी तथा कृष्णचंद प्रधान को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी तरह घरघोड़ा में नियुक्त भारसाधक समिति में सनत राम राठिया को अध्यक्ष, विजय कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष एवं संजय अग्रवाल (व्यापारी प्रति.)श्री किशन अग्रवाल, परमेश्वर राठिया, कौशिल्या तथा विद्याधर डडसेना को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# मोटरसाइकिल पर गांजा तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, आठ किलो गांजा व बाईक जब्त

- अवैध गांजा को सारंगढ़ के रास्ते जांजगीर ले जाने की फिराक में था आरोपी



**रायगढ़।** मादक पदार्थों पर प्रभावी कार्यवाही के लिये पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव द्वारा थाना क्षेत्र में स्टाफ एवं मुखबीर लगाकर गांजा तस्करी, अवैध शराब व नशीली सिरप, कैप्सूल के अवैध खरीदी बिक्री पर निगाह रखने का निर्देश दिया गया हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 29.062022 के सुबह थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सोहेला उड़ीसा से गांजा लेकर जांजगीर जाने निकला है। थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ को मुख्य मार्गों के अतिरिक्त कच्चे रास्तों पर तैनात किया गया।

बरमकेला रोड ग्राम विजयपुर आजाद पेट्रोल पंप के पास नाकेबंदी कर रहे सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण पुरी की टीम द्वारा संदेही व्यक्ति को मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स में आते हुए पकड़ा गया जो सामने काला रंग का बैग रखा हुआ था। संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम रामराज कहरा पिता तुलसीराम कहरा निवासी भांठापारा वार्ड क्रमांक 25 जांजगीर का होना बताया जिसके हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 11 AM- 4730 के ऊपर रखे बैग के अंदर गांजा के 8 पैकेट मिले जिसे पुलिस स्टाफ और गवाह मौके पर गंध लेकर एवं रगड़ कर जांच किये जो 8 KG गांजा कीमत 40,000 रुपए का पाया गया। आरोपी रामराज कहरा गांजा को ओडिशा सोहेला से खरीद कर लाना बताया। आरोपी से अवैध गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की जब्ती कर थाना सारंगढ़ में धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव, सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण पुरी, प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव, आरक्षक संतोष मिरी, वीरेंद्र कुमार ठाकुर और पुष्पेंद्र राठौर की अहम भूमिका रही है।

# पिछले 3 माह में हर दूसरे दिन कोतरारोड पुलिस ने खोज निकाला एक गुम इंसान




रायगढ़। जिले में पदस्थ प्रशिक्षु आईपीएस प्रभात कुमार को प्रशिक्षण अवधि में 3 माह के लिए थाना कोतरारोड़ का स्वतंत्र प्रभार दिया गया था। 4 अप्रैल 2022 को थाना का प्रभार लेते हुए प्रभात कुमार द्वारा अपने व्यवसायिक ज्ञान का उच्चत्तम परिचय दिया गया है। उनके नेतृत्व में लगभग 90 दिन के समयावधि में कोतरारोड थाने के विवेचकगण लंबित गुम इंसानों की दस्तयाब करने में लगन पूर्वक कार्य किया गया है। इस अवधि में 35 गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है, देखा जाये तो औसत प्रत्येक 5 दिन में दो गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है। थाने में पंजीबद्ध अपराधों और कानून व्यवस्था के व्यस्तता कार्यो के साथ-साथ थाने के विवेचकों का यह एक सराहनीय कार्य है।

कोतरारोड़ पुलिस द्वारा दस्तयाब किये गये 35 में से 19 वयस्क महिला, 09 वयस्क पुरुष, 01 नाबालिक बालक और 06 नाबालिक बालिका है जिन्हें इस अवधि में खोज निकाला गया है।

**किसका कितना योगदान :-** गुम इंसानों की खोज में थाने के विवेचक प्र. आर. 27 जय सिंह स्वादु ने सबसे ज्यादा 10 गुम इंसानो को दस्तयाब किया। वहीं प्र.आर. 368 नरेन्द्र यादव ने- 07 और सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा 06 गुम इंसानों दस्तयाब करने में सराहनीय सहयोग दिया गया है। आईपीएस प्रभात कुमार द्वारा इन विवेचको को उनके कार्य की सराहना के लिए पुरस्कृत करने वरिष्ट अधिकारी को अनुशंसा करना बताये हैं।

**विशेष उपलब्धी 2012 का गुम इंसान दस्तयाब :-** विवचको और थाने के टीम की मेहनत का जायजा इस बात से भी हो सकता है कि इस दौरान सबसे पुराने वर्ष 2012 के गुम इंसान लंबित था जिसे दस्तयाब किया गया है। गुम व्यक्ति अपनी पत्नी से झगड़ा विवाद कर घर नहीं आ रहा था। आईपीएस प्रभात कुमार गुम इंसान डायरी की समीक्षा कर गुम व्यक्ति के मोबाइल नम्बर जांच किये जो काफी समय से बंद था, सर्विलांस और गुम इंसान को जानने वालों से पूछताछ कर पता लगाये जिसके इंदौर में होने का पता चला, गुम इंसान से संपर्क कर गुम इंसान को वापस रायगढ़ बुलाया गया है।

**तत्कालिक दर्ज मामलों में शीघ्र सफलता :-** आईपीएस प्रभात कुमार थाने के विवेचकों को दिशा निर्देशित किये की दर्ज नये मामलों में शीघ्र पतासाजी का प्रयास करें जिससे सफलता मिलने की सम्भावना अधिक होती है। उनके मार्गदर्शन पर 2022 के प्रकरणों को देखा जाए तो अब तक 2022 के 23 गुम इंसान दस्तयाब हो चुके है।

थाना कोतरारोड में पदस्थ प्रभात कुमार (भापुसे) ने अपने पदस्थापना दौरान पुलिस अधीक्षक रायगढ अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में दिनांक 04.06.2022 से 31.06.2022 तक की अवधि में वर्ष 2012 से 2022 तक की पेण्डिग गुम इंसान का दस्तयाब किया गया जिसमें नाबालिक बालक-1 नाबालिक बालिका-06, पुरुष-09, महिला-19, (वर्ष 2012-01, 2019-03, 2020-04, 2021-04, 2022- 23) कुल 35 गुम इंसान दस्तयाब किया गया है।

# खेत पर शराब बनाते मिले आरोपी से 18 लीटर महुआ शराब जब्त

- नेतनागर में जूटमिल पुलिस की शराब रेड कार्यवाई

**रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को मिली सूचना पर आज दिनांक 29.06.2022 के सुबह जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि नेतनागर निवासी सुदामा साव गांव के खेत टिकरा मे महुआ शराब बनाता हैं खेत के पास स्थित बोर के पीछे महुआ शराब को छिपाकर रखा है। मौके पर पुलिस की घेराबंदी को देखकर संदेही सुदामा साव भागने लगा जिसे घेराबंदी कर स्टाफ पकड़े। आरोपी के मेमोरंडम पर हाथ भट्ठी का बना हुआ महुआ शराब करीब 18 लीटर कीमत करीब 3600/- रूपये का मौके पर जप्त किया गया है। पुलिस टीम को बोर के पास



10 अलग-अलग प्लास्टिक बोरी में सड़ा हुआ महुआ पास मिला प्रत्येक बोरी का वजन करीब 40 किलोग्राम था जो जप्ती योग्य नहीं होने से मौके पर पंचनामा तैयार गवाहो के समक्ष नष्टीकरण किया गया। आरोपी सुदामा साव पिता घरऊ साव उम्र 34 वर्ष निवासी नेतनागर पर जूटमिल में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवई कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी टीआई हर्षवर्धन सिंह बैस, प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, आरक्षक धर्नुजय चंद बेहरा, बनारसी सिदार,विनय तिवारी और शशिभूषण साहू की अहम भूमिका रही है।

# पति के जबरजस्ती मायके लाकर छोड़ जाने पर विवाहिता ने लगा ली फांसी, आरोपी पति गिरफ्तार

- खरसिया के ग्राम बडे डुमरपाली की घटना




**रायगढ़।** दिनांक 27-05-2022 को ग्राम कोटवार बड़े डूमरपाली द्वारा थाना खरसिया में गांव की रमशीला राठिया पति ओमप्रकाश राठिया उम्र 24 वर्ष द्वारा उसकी बहन के घर पर फांसी लगाकर फौत होने की सूचना दिया गया था। मृतिका रमशीला राठिया के नव विवाहिता होने से शव पंचनामा एवं गवाहो का कथन कार्यपालक दण्डाधिकारी खरसिया द्वारा लिया गया है। मर्ग जांच में पाया गया है कि मृतिका रमशीला राठिया का विवाह हुए करीब चार माह हुआ था। रमशीला राठिया का पति ओमप्रकाश राठिया निवासी डेहरीडीह उसे पसंद नहीं करता था प्रताडित करता था। घटना दिनांक 27.05.2022 के करीब एक सप्ताह पहले ही रमशीला को जबरन मायके गांव बडे डुमरपाली में उसके घर के बाहर छोड कर चला गया था जिससे रमशीला दुखी थी। ओमप्रकाश राठिया के कृत्य पर क्षुब्ध होकर रमशीला आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मर्ग जांच पर आरोपी ओमप्रकाश राठिया पिता गांधी राम राठिया उम्र 22 साल निवासी डेहरीडीह थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ के विरूद्ध धारा 306 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी राठौर एवं स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

# रायगढ़, केशकाल तथा मरवाही में लक्ष्य के दोगुना से अधिक 815 क्विंटल जामुन का संग्रहण

- संग्रहित 815 क्विंटल जामुन से 60,000 लीटर जामुन जूस का होगा उत्पादन
- संग्राहकों को संग्रहण सहित प्रसंस्करण का भी लाभ दिलाने हो रहा कार्य



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के रायगढ़, केशकाल तथा मरवाही जिला यूनियनों में चालू वर्ष के दौरान अब तक लक्ष्य के दोगुना से भी अधिक 815.31 क्विंटल जामुन का संग्रहण हो चुका है। तीनों जिला यूनियनों में चालू वर्ष में 350 क्विंटल जामुन फल के संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित था। तीनों यूनियनों ने संग्रहित 815 क्विंटल जामुन फल से लगभग 60 हजार लीटर जामुन जूस का उत्पादन होगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वनमंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्ग दर्शन में राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा जामुन फल संग्रहण कर उसका मूल्य वर्धन तथा प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत कार्य किया जा रहा है। राज्य के तीन जिला यूनियनों केशकाल, रायगढ़ एवं मरवाही में जामुन का उत्पादन काफी मात्रा में होता है। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा उपरोक्त तीनों जिला यूनियनों के अंतर्गत लगभग 250 क्विंटल जामुन फल संग्रहण का लक्ष्य दिया गया था। इनमें जिला यूनियन रायगढ़ द्वारा 597.91 क्विंटल, जिला यूनियन केशकाल द्वारा 76.96 क्विंटल एवं जिला यूनियन मरवाही द्वारा 140.44 क्विंटल जामुन फल का संग्रहण गिया गया है।

प्रबंध संचालक राज्य लघुवनोपज संघ श्री संजय शुक्ला ने बताया कि रायगढ़ जिला यूनियन के अंतर्गत संग्रहित जामुन में से 250 क्विंटल जामुन को सीजीसीइआरटी रायपुर द्वारा जैविक प्रमाणीकरण प्रदान किया गया। संग्रहित जामुन को रायपुर इंडस मेगा फूड पार्क के माध्यम से पल्पिंग कार्य कराया जा रहा है। प्राप्त पल्प से जामुन जूस एवं जामुन आधारित अन्य उत्पादों का निर्माण वनधन विकास केन्द्र बरौंडा के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जावेगा। संग्रहित जामुन फल मात्रा 815.31 क्विंटल से लगभग 60 हजार लीटर जामुन जूस का उत्पादन होगा। "छत्तीसगढ़ हर्बल्स" जामुन जूस की राज्य में काफी मांग है। जामुन जूस मुख्यत: मधुमेह रोगी के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा जामुन जूस में कैल्शियम एवं मैग्नीशियम भी पाया जाता है।

जामुन फल से जामुन जूस निर्माण के पश्चात प्राप्त बीज से विभिन्न प्रकार के औषधि जैसे- जामुन चूर्ण, मधुमेह नाशक चूर्ण इत्यादि का निर्माण किया जाता है, जो कि डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही कारगर औषधि होता है। जामुन फल संग्रहण से जामुन पल्प आधारित खाद्य उत्पाद तथा बीज आधारित औषधि उत्पाद के निर्माण से संग्राहकों को एवं प्रसंस्करण से जुड़े महिला स्व सहायता समूहों को अधिक से अधिक लाभ मिलने लगा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480